>

Title: Need to expedite construction of building for Kendriya Vidyalaya at Barwani in Madhya Pradesh.

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): मैं सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र के बड़वानी में संचालित केन्द्रीय विद्यालय भवन के निर्माण की ओर दिलाना चाहता हूं। यहां पर वर्ष 2007 से अस्थायी भवन में विद्यालय संचालित है लेकिन गत शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं संचालित करने में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जो इस पिछड़े एवं आदिवासी बहुत क्षेत्र के पालकों के सामने एक कड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष जिन छात्रों ने कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की थी, उन्हें मजबूरन निजी संस्थाओं में दाखिल करना पड़ा है।

केन्द्रीय विद्यालय के स्वयं के भवन निर्माण हेतु शासन द्वारा राशि स्वीकृत होकर एस्टीमेट अनुसार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को 20 लाख रूपये की पहली किश्त दिनांक 12.09.2013 को जारी कर दी गई है जिसके लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में नियमानुसार जमीन का आवंटन भी किया जा चुका है। लेकिन राशि जारी होने के लगभग दो माह बाद भी भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

अतः अनुरोध करना चाहूंगा कि केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी के भवन निर्माण हेतु संबंधित विभाग के मंत्रालय को निर्देशित करने का कष्ट करें।